

# भुता के जंगल से भड़की आग

### गरीबों के मकान जले

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 24 मई।** भुता के जंगल से भड़की आग से मामा का नाला के पास गरीबों के मकान जले, पीड़ित परिवारों से मिले पूर्व विधायक घनश्याम सिंह, प्रशासन से की चर्चा कर आर्थिक सहायता देने की मांग की।

दतिया शहर के बायपास मार्ग पर भुता के जंगल में भड़की आग की चपेट में आने से मामा का नाला के पास रहने वाले करीब 15 परिवारों के कच्चे मकान जल कर खाक हो गए हैं। आगजनी से घरों में रखा जरूरी सामान व खाद्यान सामाग्री भी नष्ट हो गई। बस्ती में आगजनी की खबर मिलने पर पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने पीड़ितों के बीच पहुंच कर मकानों में हुए नुकसान को मौके पर देखा तथा श्री सिंह ने प्रशासन से चर्चा कर आगजनी पीड़ितों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के लिए कहा हैं। इस अवसर पर श्री सिंह के साथ बेटीराजा मांडवी कुमारी, सेवादल जिलाध्यक्ष मोहन कुशवाह, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ऋषभ राजा गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे : बनौरिया

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 24 मई।** थाना सेवढ़ा परिसर में आगामी त्यौहार गंगा दशहरा एवं ईद-उल-अजहा के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न समुदायों के प्रमुख लोगों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। गंगा दशहरा पर्व पर सनकुआ धाम में होने वाले पर्व स्नान एवं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं पर विचार किया गया।

वहीं मुस्लिम समाज की ओर से इरफान राईन ने जानकारी देते हुए बताया कि ईद के अवसर पर नगर के मुख्य ईदगाह किले के पास सहित अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी, जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित लगभग 3000 से 3500 मुस्लिम समाजजन शामिल होंगे। बैठक उपरांत थाना प्रभारी सुनील बनौरिया द्वारा उपस्थित नागरिकों के साथ



जनसंवाद भी किया गया। उन्होंने आमजन से नगर की समस्याओं एवं पुलिस व्यवस्था से संबंधित सुझाव आमंत्रित किए। जनसंवाद के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष देशराज कुशवाह ने बरहा रोड स्थित टचिंग ग्राउंड एवं हैलीपेड क्षेत्र में शाम के समय असामाजिक तत्वों एवं नशेड़ियों के जमावड़े की समस्या उठाई, जिससे राहगीरों एवं किसानों में भय का वातावरण निर्मित होने की बात कही गई। इसी प्रकार जशवंत बघेल द्वारा कॉलेज के पीछे स्थित स्टेडियम क्षेत्र में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों द्वारा शराबखोरी एवं हुड़दंग किए जाने की जानकारी दी गई, जिससे आसपास के रहवासियों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। थाना प्रभारी श्री बनौरिया ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्थानों पर नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने एवं आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। साथ ही बाजार क्षेत्र में बढ़ती जाम की समस्या पर भी चर्चा कर यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई। बैठक में अशोक शर्मा, आलोक परिहार, राजकुमार श्रीवास्तव, संजय दीक्षित, कमलेश प्रजापति, रवि राजपूत, देशराज कुशवाह, सुलेमान खान, इरफान राईन, राणा भूपेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सक्सेना, हरीशंकर जयंत, अमित पाठक, रवि चौहान, सचिन चौधरी सहित थाना सेवढ़ा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अखिल भारतीय संगीत समारोह 31 मई को

**दतिया, 24 मई।** सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित नारायण लाल भट्ट की स्मृति में एक भव्य अखिल भारतीय संगीत समारोह का आयोजन श्री अवध बिहारी मंदिर किला चौक दतिया पर किया जा रहा है। पंडित नारायण लाल भट्ट स्मृति समिति के अध्यक्ष श्री राजेश लिटोरिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दतिया समाजसेवी पंडित पंकज शुक्ला जी करेंगे। इस समारोह में देश के प्रतिष्ठित कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। शास्त्री गायन की प्रस्तुति डॉक्टर ऋषि मिश्रा बनारस द्वारा दी जाएगी सारंगी बादन पंडितअनीश मिश्रा बनारस, हारमोनियम पर विवेक जैन ग्वालियर तबला पर संगत पंडित हितेश मिश्रा दतिया कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति विजय तोमर ग्वालियर द्वारा की जाएगी।

# भाजपा सरकार में विकास की निरंतरता : अग्रवाल

### विधायक ने किया 23 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण व 5 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 24 मई।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार आते ही हमारे पूर्व यशस्वी प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी ने देश मे विकास कार्यों की शुरुआत की, जिसे हमारे देश के वर्तमान यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी ने आगे बढ़ाया



उन्होंने देश के हर वर्ग का ख्याल रखते हुए अनेकों योजनाएं जनहित में बनाई है आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, जैसी अनेकों योजनाएं उनके द्वारा जनता के लिये समर्पित की गई है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार में भाजपा सरकार में सुश्री उमा भारती जी के मुख्यमंत्री बनते ही विकास की शुरुआत हुई, जिसको शिवराज सिंह जी चौहान ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुये गति प्रदान की अब वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव बखूबी प्रदेश को विकास की ओर अग्रसर करने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उक्त बात सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि ग्रामों के विकास के लिये भरपूर बजट दे कर विकास कार्य कराने का अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं। आगे उन्होने कहा कि आपके गांव में 28 लाख के विकास कार्य स्वीकृत हो चुके हैं बहुत शीघ्र 15 लाख लागत से बनने वाले जनहित के विकास कार्य और स्वीकृत किये जायेंगे, प्रदेश में भाजपा की सरकार है एवं आपके आशीर्वाद से आपका विधायक भी भाजपा से ह, इस लिए विकास कार्य की सदैव निरंतरता बनी रहेगी। विधायक प्रदीप अग्रवाल ने ग्राम पंचायत खंजापुरा के ग्राम कुंवरपुरा में 23 लाख के विकास कार्य के लोकार्पण एवं 5 लाख लागत के निर्माण कार्य के भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष रविता रुस्तम जाटव, देवेश चौधरी, मेघ सिंह गुर्जर, आदि उपस्थित रहे।, कार्यक्रम का संचालन दीपक यादव के द्वारा किया गया।

# नगरीय निकाय एवं पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण की निगरानी के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 24 मई।** सेवानिवृत अतिरिक्त सचिव वाणिज्य कर विभाग अधिकारी एसडी रिछारीया दतिया जिले के प्रेक्षक बनाए गए, 26 मई तक रहेंगे दतिया जिले के भ्रमण करेंगे, दतिया जिले के भ्रमण पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्य-2026 के लिए सेवानिवृत्त अतिरिक्त सचिव वाणिज्य कर विभाग के एसडी रिछारिया जिले का प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।प्रेक्षक 26 मई तक दतिया जिले के भ्रमण पर रहेंगे।

इसके लाइनिंग अधिकारी प्रदीप भूरिया खनिज अधिकारी हैं इस दौरान मतदाता सूची कार्य से संबंधित कोई भी शिकायत, सुझाव अथवा जानकारी दी।इसी क्रम में ऑब्जर्वर द्वारा भांडेर क्षेत्र में पंडोखर और नगर परिषद भांडेर के समस्त प्राधिकारी अधिकारियों की बैठक ली एवं आवश्यक निर्देश दिए, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले की नगरीय निकाय एवं पंचायतों की 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर प्रारूप मतदाता सूचियां तैयार की गई हैं। इन प्रारूप मतदाता सूचियों पर 15 मई से 25 मई 2026 तक अधिकृत कर्मचारियों के माध्यम से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं।

## एक नजर में

### गंगा दशहरा पर आज होंगे जल संरक्षण कार्यक्रम

**दतिया, 24 मई।** मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में च्जल गंगा संवर्धन अभियान-2026च्च के अंतर्गत आज 25 मई को गंगा दशहरा के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत दतिया द्वारा इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार प्रदेश में 19 मार्च से प्रारंभ च्जल गंगा संवर्धन अभियानज्ज 30 जून 2026 तक संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में अभियान को जन आंदोलन के रूप में संचालित करने पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इनमें कुएं, बावड़ी, तालाब एवं जल संरचनाओं की साफ-सफाई, श्रमदान, सोख्ता गड्ढों का निर्माण तथा जल संरक्षण विषयक जनजागरूकता गतिविधियां शामिल हैं। इसके अलावा गंगा दशहरा आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत द्वारा सभी जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों एवं संबंधित विभागों को समय-सीमा में कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं।



### निरंकारी बाल संगत के बच्चों ने बनाई कला कृतियां

**दतिया।** संत निरंकारी मिशन के शाखा दतिया के बाल संगत के बच्चो ने गत दिवस स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन पर विभिन्न प्रकार की आध्यात्मिक, सामाजिक, व अन्य प्रेरक कला कृतिया बनाई जो समाज के लिए काफी प्रेरणा का स्रोत बनी कला कृतिया बनाने वाले बच्चो मे लक्ष्य कटारिया, हृदेश कटारिया, सक्षम प्रजापति,पारस प्रजापति ,खुशी प्रजापति, नेत्रा राजानी, भावनी सचदेव, रोशन सचदेव ,मोहित कटारिया वान्या प्रजापति, कुणाल साहित्य आदि बच्चे शामिल हुए, इस अवसर पर सत्संग का आयोजन भी किया गया था, जिसमे ब्रांच मुखी प्रीतम सिंह जी व संचालन अनिल सचदेवा ने किया, वही बाल संगत के प्रभारी रविन्द्र प्रजापति एवं अन्य कई श्रद्धांलूजन उपस्थित थे।



### ट्रस्टियों को जान से मारने की धमकी देने वालों पर कार्रवाई की मांग

**दतिया।** श्री पीतांबरा पीठ पर अव्यवस्था फैलाकर व्यवस्थापक और ट्रस्टियों को जान से मारने की धमकी देने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली टीआई को ज्ञापन सौंपा, उन्होंने बताया कि 19 मई को असामाजिक तत्वों ने व्यवस्थापक को दी थी जान से मारने की धमकी, मारपीट के लिए भी हो गए थे हावी। मंदिर प्रबंधन ने नाम सहित 10 अज्ञात व्यक्तियों पर कार्रवाई के लिए दिया आवेदन। मंदिर व्यवस्थापक महेश दुबे के नेतृत्व में मंदिर के साधकों ने टीआई धीरेंद्र मिश्रा को सौंपा ज्ञापन। जल्द कार्रवाई की मांग। आरोपियों पर बलवा की धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग। 19 मई को कार्यालय में घुसकर, व्यवस्थापक को दी थी मां बहन की गालियां, सार्वजनिक स्थल पर बलवा का प्रयास।

# कुशवाहा समाज का स्नेह अमूल्य पूंजी : डॉ . मिश्रा



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 24 मई।** कुशवाहा समाज ने उन्हें सदैव अपना आशीर्वाद,अटूट विश्वास और अपार प्रेम दिया है आज जो आत्मीय स्नेह और सम्मान आप सभी ने मुझे दिया है वह मेरे लिए केवल सम्मान नहीं बल्कि परिवार के अनन्य स्नेह का प्रतीक है यही अपनत्व मुझे जनसेवा और कर्तव्य पथ पर निरंतर समर्पण के साथ आगे बढ़ने की शक्ति और प्रेरणा देता है यह प्रेम मुझे जीवनभर नई ऊर्जा और जिम्मेदारी का अहसास कराता रहेगा। उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा रविवार को दतिया स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कुशवाहा समाज के कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। इस दौरान समाज के लोगों और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

### वरिष्ठजनों का किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ जनों का विशेष रूप से सम्मान भी किया गया पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि समाज के वरिष्ठों का अनुभव और युवाओं का उत्साह ही क्षेत्र के विकास की असली ताकत है भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा ने सम्मेलन की अध्यक्षता की एवं सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति के क्षेत्र में कुशवाहा समाज को आगे लाने का काम किया है आज कुशवाहा समाज पार्टी के बड़े पदों पर विराजमान है साथी सरकारों में भी मंत्री मुख्यमंत्री के पदों पर भी विराजमान है कार्यक्रम का संचालन एवं मोर्चा जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी भगवान सिंह कुशवाहा कालीचरण कुशवाहा पार्षद सरमन कुशवाहा पार्षद मानसिंह कुशवाहा , भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा सहित कुशवाहा समाज के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ऊर्जावान कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बातकर जागरूक किया

### गुटका, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट का करें विरोध, इससे होता है कैंसर

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 24 मई।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय कन्या हाईस्कूल होलीपुरा में किया जा रहा है जिसमें खेल के साथ-साथ बच्चों को सामाजिक जागरूकता से जोड़ते हुए विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहे हैं इसी क्रम में आज नशा मुक्ति दतिया अभियान के अंतर्गत बच्चों को नशा के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र सिंह सेंगर ने बच्चों को नशा के दुष्परिणामों से अवगत कराया।

इस अवसर पर रविंद्र सिंह सेंगर ने बच्चों से कहा कि आपसे कोई व्यक्ति गुटखा तंबाकू बीड़ी सिगरेट मंगवाता है तो इसका आप विरोध करें और उन्हें बताएं कि यह हानिकारक है इससे कैंसर जैसी बीमारी होती है और नशा मुक्ति दतिया शपथ दिलाई उन्हें बताया कि नशा नाश की जड़ है हम सबको मिलकर दतिया को नशा मुक्त बनाना है अपना थोड़ा-थोड़ा सहयोग दें नशा करने वाले को समझाइश दी और बताएं कि नशा करने से कैंसर जैसी बीमारी का खतरा होता है।

# साधु-संतों की सुरक्षा के लिए जैन समाज आज ज्ञापन सौपेगा

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 24 मई।** संपूर्ण देश में जैन समाज द्वारा साधु-संतों की सुरक्षा एवं धर्म पर आए संकट के विरोध में ज्ञापन एवं मौन जुलूस आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जैन समाज दतिया द्वारा 25 मई सोमवार को प्रात: 10:30 बजे एसपी कार्यालय, पुरानी कचहरी दतिया पर एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक दतिया को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

सभी समाजबंधु, परिवारजन, मातृशक्ति, युवा साथियों एवं समस्त शुभचिंतकों से विनम्र निवेदन है कि संगठन सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म एवं संत सुरक्षा हेतु अपना सहयोग प्रदान करें।

मौन जुलूस एवं ज्ञापन कार्यक्रम स्थान रू एसपी कार्यालय, पुरानी कचहरी, दतिया समय प्रात: 10:30 बजेज्एकता ही हमारी शक्ति है धर्म रक्षा हेतु अवश्य आएं।

# भगुवापुरा में सेवादल का ध्वज वंदन

### प्रभात फेरी निकाल कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 24 मई।** ग्राम भगुवापुरा में कांग्रेस सेवादल द्वारा ध्वज वंदन एवं प्रभात फेरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने कहा कि च्सेवादल कांग्रेस की रीढ़ है, सेवादल मजबूत होगा तो कांग्रेस मजबूत होगी।ज्उन्होंने कार्यकर्ताओं



से संगठन को गांव-गांव तक सक्रिय करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में ध्वज वंदन एवं राष्ट्रगान के बाद कांग्रेस और सेवादल कार्यकर्ताओं ने हाथों में ध्वज लेकर संविधान बचाने और कांग्रेस को मजबूत करने के नारे लगाते हुए प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान 26 मई को थरेट ब्लॉक के ग्राम चक बेना में आयोजित होने वाले सेवादल प्रशिक्षण शिविर की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष माण्डवी कुमारी, सेवादल जिलाध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष जाटव, देशराज कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो वर्ष से क्षतिग्रस्त पड़ा लाला का तालाब मार्ग





**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 24 मई।** लाला के तालाब मार्ग को अति वृष्टि में क्षतिग्रस्त हुए दो वर्ष के अधिक का समय बीत गया हैं परंतु लाला के तालाब के इस क्षतिग्रस्त मार्ग कि ओर किसी ने भी ध्यान देना उचित नहीं समझा ध्यान ना देने कि वजह से यह मार्ग दिन प्रति दिन क्षतिग्रस्त होता जा रहा है जिसके कारण कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता हैं परंतु जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देना नहीं देना चाहते जिम्मेदार अधिकारी गहरी नीद में सोकर हादसे का इंतजार कर रहें है।

**तलाब कि चारों तरफसे नींव हों चुकी हैं कमजोर :** क्षतिग्रस्त लाला के तालाब कि नींव चारों तरफसे कमजोर हों चुकी हैं यदि इस बार मानसून में अधिक मात्रा में वर्षा होती हैं दतिया सैलाब आने से कोई नहीं रोक सकता यदि बाढ़ आती है तो बड़ी संख्या में जनहानि हो सकती हैं जिसका जिम्मेदार कौन होगा।

दो वर्ष पूर्व दतिया में अनुमान से अधिक बारिश हुई थीं उस

### अतिवृष्टि होने पर आ सकता है सैलाब

बरसात में तारण तारण और लाला का तालाब में बाढ़ जैसे हालात हो गए थे साथ में तरण तारण तलाब फूटने से दतिया में बाढ़ आने जैसे हालात पैदा हो गए थे परंतु श्री पीतांबरा माई की कृपा से केवल तलाब के चारों तरफ बने सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ था और बाढ़ आने से बच गई।

यदि इस वर्ष समय रहते सही इंतजाम नहीं किए गए तो दतिया में एक भीषण सैलाब आने से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि जिला प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सो रहें हैं और बड़े हादसे का इंतजार कर रहें हैं।

### बेरिकेट्स लगाकर कर दी खानापूर्ती

क्षतिग्रस्त लाला के तालाब मार्ग पर बेरीकेड्स लगाकर खाना पूर्ती कर दी गई पिछले दो वर्ष से कमजोर हों चुके लाला के तालाब मार्ग के चारों तरफ बेरीकेड्स लगाकर खाना पूर्ती कर दी गई बड़े हादसे कि प्रतीक्षा जिला प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी कर रहें हैं।